हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

**रोहतक,** बुधवार 10 जून 2026



11 15 जून से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन



12 नर्सिंग स्टाफ की दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल...




## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया पुलिस ने नशा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सरदारेवाला निवासी हरप्रीत सिंह तथा पंजाब के रयोंद कलां स्थित दशमेश नगर निवासी जसविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के दौरान गांव नंगल से हाकमवाला जाने वाले कच्चे रास्ते पर मौजूद थी। इसी दौरान दो युवक पुलिस वाहन को देखकर घबराकर वापस मुडऩे लगे। संदेह होने पर पुलिस टीम ने दोनों को काबू कर पूछताछ की।

### नौकनी के नाम पर लाखों हड़पने का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने गांव भूथन खुर्द निवासी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि भुथन खुर्द निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके गांव के अजय कुमार तथा उसकी पत्नी मोनिका ने स्वयं को प्रभावशाली अधिकारियों से परिचित बताते हुए उसे दिल्ली पुलिस में नौकरी लगवाने का झांसा दिया था।

### लाखों की हेरोइन बरामदगी में मुख्य सप्लायर दबोचा

**फतेहाबाद।** लाखों की हेरोइन तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान गांव कुकड़ांवाली निवासी लक्ष्य के रूप में हुई है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 7 जून को एंटी नारकोटिक सैल फतेहाबाद की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच-9 स्थित फतेहाबाद-हिसार सर्विस रोड पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान ढाणी खैराती खेड़ा निवासी नरेंद्र उर्फ घोलू को काबू कर लिया।

### बस स्टैंड कैंटीन पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

**फतेहाबाद।** खाद्य एवं सुरक्षा विभाग फतेहाबाद की टीम ने मंगलवार को टोहाना बस स्टैंड पर औचक जांच अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने बस स्टैंड स्थित ग्रोवर कन्फेक्शनरी से दूध और बेसन के लड्डू के सैंपल लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग के अनुसार, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. हरीश ने बताया कि गर्मी के मौसम में खाद्य पदार्थों के खराब होने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे जुड़ी शिकायतें भी प्राप्त होती हैं। इसी के मद्देनजर विभाग द्वारा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्थित खाने-पीने की दुकानों पर नियमित रूप से चेकिंग और सैंपलिंग की जा रही है।

## खबर का असर

*हरिभूमि ने 8 जून को उठाया था मुद्दा, 25 जून तक सभी बाढ़ सुरक्षा तैयारियां पूरी करने के दिए निर्देश*

# हरकत में आया प्रशासन, उपायुक्त ने घग्गर और रंगोई सहित बाढ़ संभावित क्षेत्रों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरिभूमि इंपैक्ट

मंगलवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों की टीम के साथ जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने गांव रामसरा और जांडवाला बागड़ स्थित हिसार-घग्गर ड्रेन, अयाल्की, रतिया-बुढ़लाढा रोड पर बने पुल, घासवा हेड, चिम्मो साइफन, रंगोई नाला, चांदपुरा साइफन, चांदपुरा बांध तथा रंगोई नाला साइफन का निरीक्षण किया। बता दें कि हरिभूमि ने 8 जून के अंक में मानसून सिर पर होने के बावजूद घग्गर और रंगोई नाला क्षेत्र में सफाई और बाढ़ सुरक्षा से जुड़े कई कार्य अधूरे होने का मामला प्रमुखता से उठाया था। '2023 की तबाही को भूला सिस्टम, मानसून सिर पर, घग्गर व रंगोई में सफाई का काम आधा-अधूरा' शीर्षक से प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन सक्रिय नजर आया। आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को अधिकारियों की टीम के साथ जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ बचाव प्रबंधों का जायजा लिया।

## संवेदनशील एवं जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर नियमित निगरानी के आदेश

### मरम्मत कार्यों का भी किया अवलोकन

निरीक्षण के दौरान डीसी ने ड्रेनों की सफाई, जल निकासी मार्गों की स्थिति तथा चल रहे विकास एवं मरम्मत कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले की समस्त जल निकासी व्यवस्था को पूर्ण क्षमता के साथ कार्यशील बनाया जाए ताकि बारिश के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। डॉ. विवेक भारती ने कहा कि बाढ़ राहत, बचाव तथा वर्षा जल निकासी से संबंधित सभी कार्य 25 जून से पूर्व हर हाल में पूरे किए जाएं। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें।



**फतेहाबाद।** जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ बचाव प्रबंधों का जायजा लेते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*

### आपात परिस्थितियों में नहीं आनी चाहिए बाधा

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर तटबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता है, वहां मिट्टी भराई अथवा अन्य तकनीकी उपायों के माध्यम से उन्हें सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने संवेदनशील एवं जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखने तथा संभावित खतरे वाले स्थलों पर समय रहते आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए ड्रेनों, नालों और जल निकासी मार्गों में मौजूद सभी अवरोधों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए ताकि वर्षा के दौरान पानी का प्रवाह निर्बाध बना रहे और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से बचा जा सके। डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नालों की नियमित सफाई, तटबंधों के सुदृढ़ीकरण तथा जल निकासी व्यवस्था की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग समय-समय पर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध करवाएं ताकि तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा सके।

## चाय बनाने के दौरान हुआ धमाका, लोगों ने बचाई जान

# शादी की तैयारियां मातम में बदलीं, गैस लीकेज से लगी आग, पिता-पुत्री झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

**शादी के लिए जुटाया दहेज का सामान, नकदी, लैपटॉप जलकर राख**

कंबोज मोहल्ला के वार्ड नंबर-6 स्थित मोची रोड पर मंगलवार तड़कें गैस सिलेंडर लीकेज के कारण एक घर में भीषण आग लग गई। हादसे में बेटी की शादी के लिए जुटाया गया दहेज का सामान, करीब 80 हजार रुपए की नकदी, लैपटॉप, मोबाइल फोन, फर्नीचर और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से किसान कालाराम कंबोज और उसकी 18 वर्षीय पुत्री ममता कंबोज भी झुलस गए। मिली जानकारी के अनुसार कालाराम कंबोज ठेके पर जमीन लेकर खेती-बाड़ी का कार्य करता है। परिवार ने हाल ही में गेहूं की फसल का हिसाब होने के बाद कुछ धनराशि एकत्रित की थी। बेटी के विवाह की तैयारियों के तहत घरेलू सामान और फर्नीचर खरीदा गया था, जबकि बेटे की पढ़ाई के लिए नया लैपटॉप भी लिया गया था। परिजनों ने बताया कि सोमवार को नया गैस सिलेंडर घर लाकर चूल्हे से जोड़ा गया था। आशंका है कि सिलेंडर या रेगुलेटर में लीकेज होने के कारण रातभर कमरे में गैस भरती रही। मंगलवार सुबह करीब चार बजे कालाराम चाय बनाने के लिए कमरे में गया। जैसे ही उसने गैस चालू कर माचिस की तीली जलाई, जोरदार धमाके के साथ आग भडक़ उठी। आग लगते ही कालाराम ने शोर मचाया। पिता की आवाज सुनकर उसकी 18 वर्षीय पुत्री ममता उसे बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन वह भी आग की चपेट में आकर झुलस गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया और घर में रखा सामान जलने लगा।







**भूना।** आगजनी के बाद जला हुआ घरेलू सामान, आग में झूलसे हुए बाप और बेटी।

### पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग

सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बाद में फायर ब्रिगेड और पुलिस डायल-112 की टीम भी मौके पर पहुंची तथा सुलग रही आग को पूरी तरह बुझाया। पीड़ित ममता कंबोज ने बताया कि नया सिलेंडर सोमवार को ही लगाया गया था। संभवत: लीकेज के कारण कमरे में गैस भर गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में सहानुभूति का माहौल है। मोहल्लावासियों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और आर्थिक सहायता देने की मांग की है। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा ने परिवार को 10 हजार रुपए की सहायता प्रदान कर अन्य लोगों से भी सहयोग की अपील की।



**सिरसा।** रोड़ी बाजार में पाइप लाइन के लिए शुरू किया गया खुदाई का कार्य।

# स्टॉर्म वाटर पाइपलाइन प्रोजेक्ट पर करोड़ों खर्च नतीजा ढांक के तीन पात

- मानसून सिर पर, बाजारों में फिर खुदाई का काम, शहर राम भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी काम अधर में लटका हुआ है। पूरे शहर को खोद कर गड्ढों में तब्दील कर दिया है, जिससे शहरवासियों को परेशानी हो रही है। वहीं बरसात का सीजन शुरू होने वाला है, ऐसे में फिर से पाइप लाइन के लिए रोड़ी बाजार में काम शुरू कर दिया गया है। शहर की कोई ऐसी सड़क नहीं छोड़ी जो तोड़ी न हों। एक काम पूरा नहीं करते और दूसरी जगह तोड़फोड़ शुरू कर देते है। एक तरफ हिसारिया बाजार में काम अधर में लटका पड़ा है तो अनाज मंडी में भी काम बीच में ही रोक दिया गया है। नगर परिषद की इस कार्यप्रणाली के चलते पिछले तीन साल से शहरवासी जहां परेशान हैं, वहीं व्यापार पर भी इसका सीधा असर देखा जा रहा है। गलियों को उखाड़ने के चलते शहर में पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। मानसून आने को एक पखवाड़े से भी कम का समय रह गया है।

### ड्राइंग पर ही सवालिया निशान

स्ट्रार्म वॉटर प्रोजेक्ट की ड्राइंग पर रह-रह कर सवालिया निशान लग रहे है। प्रोजेक्ट-2 के तहत सुरखाब चौक से हिसारिया बाजार तक 14 फुट गहरी पाइप लाइन बिछायी गई है। हिसारिया बाजार के मध्य में आकर 7 फुट गहराई पर पाइप बिछाने का निर्णय लिया गया है। यहां मार्च से काम रोका गया है। जब तक हिसारिया बाजार में पाइप लाइन पूरी नहीं बिछती, तब तक न सुरखाब चौक का पानी निकलेगा और न ही ऑटो मार्केट का अनाज मंडी के भीतर भी खुदाई कार्य को आढ़तियों की मांग पर रोक दिया गया है। आढ़तियों का दावा सही प्रतीत होता है क्योंकि मंडी के भीतर तो जलभराव नहीं होता। कबीर चौक पर पहले से ही पाइप बिछी हुई है, ऐसे में शिव चौक से कबीर चौक तक पाइप बिछाया जाना उचित रहता।

# सचिन उर्फ चिन्ना हत्याकांड में शामिल दो और आरोपी गिरफ्तार

- गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 9 हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

सचिन उर्फ चिन्ना अपहरण, मारपीट एवं हत्या मामले में पुलिस ने कार्रवाई करके दो अन्य सह-आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस बहुचर्चित मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र हुड्डा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वार्ड नंबर 14 निवासी आरव उर्फ रानी आला तथा वार्ड नंबर 12 निवासी मयंक उर्फ पोकी के रूप में हुई है। जांच के दौरान दोनों युवकों की घटना में संलिप्तता सामने आने के बाद उन्हें काबू किया गया। पुलिस के अनुसार 3 जून 2026 को दर्ज मामले में वार्ड नंबर 5 निवासी कृष्ण पुत्र बन्ता राम ने शिकायत दी थी कि उसका भतीजा सचिन उर्फ चिन्ना अपने दोस्तों पवन और रोहित के साथ मोटरसाइकिल पर घर लौट रहा था। इसी दौरान कई मोटरसाइकिलों पर सवार युवकों ने उसका पीछा किया और कथित रूप से उसे जबरन अपने साथ ले जाकर गंभीर मारपीट की। उपचार के लिए दे जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।



### जांच जारी

*थाना प्रभारी विजेंद्र हुड्डा ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। साथ ही फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।*

# मुआवजे को लेकर किसानों का धरना समाप्त

- भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा और किसान प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता के बाद लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मुआवजे की मांग को लेकर गांव दैयड़ में किसानों द्वारा चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना समाप्त हो गया है। यह निर्णय भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा और किसान प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता के बाद लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने पिछले दिनों हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी से मुलाकात करवाई थी, जहां किसानों की मांगों को सरकार के समक्ष विस्तार से रखा गया। इसके बाद इस विषय पर मुख्यमंत्री स्तर पर भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री से मिले आश्वासन के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने दैयड़ गांव पहुंचकर किसानों से संवाद किया और उन्हें सरकार की ओर से उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सरकार की सकारात्मक पहल और आश्वासन के बाद किसान संगठनों व ग्रामीणों ने धरने को समाप्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और किसानों के बीच निरंतर संवाद जरूरी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार किसानों की जायज मांगों के प्रति संवेदनशील है और नियमानुसार उचित कदम उठाए जाएंगे।



**फतेहाबाद।** दैयड़ में धरने पर बैठे किसानों से बातचीत करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भट्टू मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन संजय सिंगला, भट्टू मंडल अध्यक्ष जसवंत माचरा, सुभाष साहू, सतबीर मेहुवाला, सुभाष कसवां, भरत सिंह कटेवा, राजू चाहर, राजेन्द्र कसवां, विनोद सहारण, महेन्द्र जाखड़, दिनेश गढ़वाल, राजेन्द्र जाखड़, पप्पु सूच, पृथ्वी सूच, विरेन्द्र सूच और मोहन लाल सूच सहित कई ग्रामीण एवं किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लाखों रुपये की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने गांव करीवाला क्षेत्र से बाइक सवार एक युवक को लाखों रुपये की 34 ग्राम 43 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव करीवाला क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान सामने से बाइक सवार युवक आता हुए दिखाई दिया , जो कि सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 34 ग्राम 43 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार की किए गए युवक के खिलाफ थाना रानियां में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई।



हेरोइन के साथ पकड़ा गया आरोपी।

## धर्म-कर्म

## पितृदोष निवारण और शांति के लिए विशेष मानी जाती है सोमवती अमावस्या

### शिव-विष्णु आराधना का भी रहेगा विशेष महत्व

# स्कंद पुराण में सोमवार और अमावस्या का योग विरला, इस बार 15 जून को बन रहा दुर्लभ संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष सोमवती अमावस्या का पावन पर्व 15 जून, सोमवार को मनाया जाएगा। अमावस्या तिथि सुबह 8 बजकर 23 मिनट तक रहेगी। सूर्योदय के समय अमावस्या तिथि विद्यमान होने के कारण व्रत, स्नान, दान और धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य कार्य इसी दिन किया जाएगा। श्री श्याम मंदिर के पुजारी एवं ज्योतिर्विद पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि गरुड़ पुराण के अनुसार सोमवती अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण और पिंडदान करने से पितृदोष से मुक्ति मिलती है तथा पितरों की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस दिन किए गए दान-पुण्य और तीर्थ स्नान से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि यदि श्रद्धालु किसी पवित्र नदी या तीर्थ स्थल पर स्नान करने नहीं जा सकते तो घर पर स्नान के जल में गंगाजल मिलाकर समस्त तीर्थों का स्मरण करते हुए नारायण-नारायण का जप करते हुए स्नान करना भी शुभ माना गया है।

उन्होंने बताया कि स्कंद पुराण में सोमवार और अमावस्या के संयोग को अत्यंत दुर्लभ बताया गया है। इस दिन भगवान शिव के दर्शन और पूजन से करोड़ों यज्ञों के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। वहीं पुरुषार्थ चिंतामणि के अनुसार सोमवार को पड़ने वाली अमावस्या को पुष्कर योग कहा गया है।

### भगवान शिव की आराधना से मिलती से शांति



पंडित शर्मा ने बताया कि सोमवार भगवान शिव को समर्पित है, जबकि अधिक मास भगवान विष्णु का प्रिय माना जाता है। ऐसे में यह दिन हरि और हर दोनों की उपासना के लिए अत्यंत शुभ है। इस दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु की आराधना करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। शास्त्रों में इस दिन किए गए दान-पुण्य का फल सूर्य ग्रहण के समय किए गए दान से भी सौ गुना अधिक बताया गया है।

### मत्र जाप और पूजा से मिलेगा कई गुना फल

*पंडित सोनू शर्मा के अनुसार धार्मिक मान्यताओं में अमावस्या तिथि को पितरों की शांति और तर्पण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। वहीं अधिक मास में पड़ने वाली सोमवती अमावस्या का संयोग कई वर्षों बाद बनता है। इस बार इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग जैसे शुभ संयोग भी बन रहे हैं, जिससे इस तिथि का महत्व और बढ़ गया है। ऐसे दुर्लभ योग में किए गए मंत्र जाप, पूजा-पाठ, तीर्थ स्नान तथा ब्राह्मणों को दक्षिणा सहित भोजन कराने का फल कई गुना बढ़ जाता है।*



# धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।



हॉलीवुड मसाला



# नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




# कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



# श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज


**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



# प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

टीवी मसाला




# टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

## बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

# नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

# ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

## मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

# राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

## खबर संक्षेप

### मकान से चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** घर में चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना भट्टू कलां पुलिस ने भट्टू मंडी निवासी कृष्ण उर्फ बिहारी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि भट्टू मंडी के नजदीक सतलुज स्कूल निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 6 जून को वह अपने परिवार सहित किसी कार्य से घर से बाहर गया हुआ था। शाम को वापस लौटने पर उसने देखा कि किसी व्यक्ति ने घर में घुसकर कमरे का ताला तोड़ दिया तथा अलमारी और तिजोरी में रखे कीमती सामान की चोरी कर ली।

### युवक का रास्ता रोककर किया हमला, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** मारपीट, तोड़फोड़, चोरी एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने मुंशीवाली निवासी महावीर उर्फ दाऊद को काबू किया है। थाना प्रभारी महिला निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि रतिया के वार्ड नंबर 15 स्थित बड़ी नहर के नजदीक निवासी पवन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 18/19 मई की रात वह अपनी पत्नी, पुत्री एवं अन्य परिजनों के साथ अपनी दादी के घर जा रहा था। इसी दौरान हमला किया गया।

### समिति ने नंदीशाला को भेंट किए 12 पंखे

**कालांवाली।** समाजसेवी संस्था जय गऊ माता सेवा समिति द्वारा श्री महादेव नंदीशाला को 12 पंखे भेंट किए गए। समिति के प्रधान पंकज माहेश्वरी ने बताया कि गर्मी से व्याकुल गायों व गौवंश के लिए नंदीशाला में पंखों की जरूरत थी, जिसके चलते गऊ सेवा समिति द्वारा 12 पंखे गाय सेवा हेतू भेंट किए गए। उन्होंने बताया कि समिति का हर सदस्य गाय सेवा हेतू हमेशा तैयार रहता है। इस मोके पर प्रधान पंकज माहेश्वरी, संरक्षक एवं नगर पार्षद नितिन गर्ग, उपप्रधान लक्ष्मण दास गर्ग, कोषाध्यक्ष नवीन गर्ग, सचिव मोहित गर्ग, लवली रोड़ी वाला, श्री महादेव नंदीशाला से सूरजभान ठेकेदार आदि मौजदू रहे।

### सरसों तेल व चीनी वितरण अवधि 15 तक : डीएफएससी

**फतेहाबाद।** डीएफएससी कुशल बूरा ने बताया कि मई माह 2026 के दौरान कुछ तकनीकी कारणों से आवश्यक वस्तुओं का वितरण समय पर पूर्ण नहीं हो सका था। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत ऐसे लाभार्थियों को राहत प्रदान करते हुए मई माह की आवश्यक वस्तुओं के वितरण की अवधि 15 जून तक बढ़ा दी गई है। इससे पात्र लाभार्थी निर्धारित अवधि के भीतर अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे।

### आंतरिक शक्ति को जागृत करना जरूरी: साध्वी पूषा

**सिरसा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने संतुलन प्रकल्प के अंतर्गत गांव साहुवाला में कार्यक्रम का आयोजन किया। साध्वी पूषा भारती ने बताया कि बाहरी परिस्थितियों एवं चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए सबसे पहले अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानना और उसे जागृत करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महिला के भीतर अपार शक्ति विद्यमान है। जब वह अपनी इस शक्ति को पहचान लेती है, तो वह न केवल अपने जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकती है, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

### सांसद सैलजा कल फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सांसद कुमारी सैलजा 11 जून को फतेहाबाद का दौरा करेंगी। सांसद जिला कांग्रेस कमेटी फतेहाबाद द्वारा 11 जून वीरवार को दोपहर एक बजे शिवालय मार्किट स्थित श्री राम सेवा समिति धर्मशाला में एसआईआर विषय को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगी। यह जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने बताया कि बैठक में एसआईआर विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

---

### मतदाता सूची में फोटो अपडेट कराने के लिए दो रंगीन फोटो दें : एसडीएम

# 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं का करेंगे सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम आकाश शर्मा ने क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वे एसआईआर अभियान के दौरान अपने घर पहुंचने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य उपलब्ध करवाएं, ताकि मतदाता सूची में उनकी फोटो एवं अन्य जानकारियां सही और सटीक रूप से दर्ज की जा सकें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है और बीएलओ द्वारा मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। एसडीएम आकाश शर्मा मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्ष 2026 के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा अपात्र एवं गलत प्रविष्टियों को हटाकर सूची को अधिक विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने 1 जुलाई 2026 को अर्हता तिथि निर्धारित की है। इस तिथि तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज करवा सकेंगे। अभियान के अंतर्गत 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे, एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाएंगे, फोटो एवं अन्य विवरण अपडेट करेंगे तथा आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करेंगे। एसडीएम ने बताया कि अभियान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी 233 बीएलओ का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है।



फतेहाबाद। टोहाना में पत्रकारों से बातचीत करते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

#### नाम, पते और फोटो की करें जांच

प्रारूप सूची प्रकाशित होने के बाद अवश्य जांचें अपना नाम, पता और फोटो एसडीएम आकाश शर्मा ने नागरिकों से आह्वान किया कि प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद वे अपने नाम, पते, फोटो तथा अन्य विवरणों की सावधानीपूर्वक जांच करें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि या कमी दिखाई दे तो निर्धारित समयावधि के भीतर दावा अथवा आपत्ति दर्ज करवाएं। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके पश्चात 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जिससे पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकें तथा सूची में मौजूद त्रुटियों का समयबद्ध समाधान किया जा सके।

### सिरसा : मतदाता सूची को शुद्ध पारदर्शी, त्रुटिरहित का कार्य जारी

**सिरसा।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम राजेंद्र कुमार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिरसा में मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए व्यापक स्तर पर घर-घर सत्यापन कार्य किया जा रहा है। एसडीएम बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सिरसा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,34,130 मतदाता हैं, जिनमें से अब तक 1,39,193 मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है, जबकि 94,937 मतदाताओं का सत्यापन कार्य जारी है। क्षेत्र में 216 मतदान केंद्र तथा 86 मतदान केंद्र लोकेशन (पीएसएल) हैं, जिनमें 141 शहरी और 75 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म भरवाएंगे।



सिरसा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,34,130 मतदाता

सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते एसडीएम राजेंद्र कुमार।

#### क्यूआर कोड तथा वर्तमान फोटो शामिल करने का प्रावधान

उन्होंने बताया कि इस बार आयोग द्वारा संशोधित एन्यूमरेशन फॉर्म लागू किया गया है, जिसमें क्यूआर कोड तथा मतदाता की वर्तमान फोटो शामिल करने का प्रावधान है। जिन मतदाताओं का पुराना फोटो धुंधला है या विवरण में त्रुटि है, वे इस प्रक्रिया के माध्यम से अपना रिकॉर्ड अपडेट करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि एक जुलाई 2026 की तिथि तक 18 वर्ष की आयु पार कर चुके युवाओं के भी वोट बनाए जाएंगे और बीएलओ घर-घर सत्यापन के दौरान फार्म 6 साथ रखेगा ताकि नए मतदाता बनने के इच्छुक नागरिकों को फार्म उपलब्ध करवाया जा सके।



सिरसा। गांव ओढां में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते हुए।

### पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली

## युवाओं ने नशा मुक्त समाज का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

पुलिस ने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत व समाजसेवी लोगों के सहयोग से गांव में जागरूकता रैली निकाली। मंगलवार को सुबह गुरुद्वारा साहिब में नशे के खिलाफ ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाना और गांव में अवैध नशा तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाना था। यह रैली गुरुद्वारा से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों, वाटर वर्कर्स रोड, पुरानी अनाज मंडी, कालांवाली रोड, ग्रीन मार्किट और राष्ट्रीय राजमार्ग से होते हुए वापिस गुरुद्वारा साहिब में आकर संपन्न हुई। रैली में शामिल ग्लोबल स्टडी प्वाइंट ओढ़ा के 60 छात्र-छात्राओं, पंचायत सदस्यों व युवाओं ने हाथों में नशा एक अभिशाप है और नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसी तख्तियां थाम रखी थीं। रैली के दौरान नशा विरोधी नारे लगाने के साथ-साथ नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी उठाई गई।

#### सूचना देने वाले की जानकारी रहेगी गुप्त

रैली के समापन पर थाना प्रभारी अनिल सोढ़ी ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में कोई भी व्यक्ति नशा बेचता या तस्करी करता है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा और अपराधियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्राम सरपंच ने कहा कि पंचायत स्तर पर युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे ताकि उनका ध्यान नशे से भटके। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर रणधीर सिंह नंबरदार, करनैल सिंह ओढ़ा, गुरप्रीत चहल, जोतराम शर्मा, महावीर गोदारा, सुखपाल सिंह, रणजीत कुंडर, हीरा कुंडर, सतनाम बेनीवाल, हरदीप महराजका, गोबिन्द सिंह बग्गा, लखी ओढ़ा, जयदीप कड़वासरा, रामकुमार गोदारा आदि मौजूद रहे।

## खापों के महामंथन में उठेंगे समाज के अहम मुद्दे

- 12 जून से सर्व खाप महाकुंभ, जसवंत सिंह कसवां ने संगठनों को दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

कुरुक्षेत्र की जाट धर्मशाला में 12 से 14 जून तक उत्तर भारत की खाप पंचायतों का तीन दिवसीय सर्व खाप महाकुंभ एवं चिंतन शिविर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श की बड़ी पहल के रूप में देखा जा रहा है। अखिल भारतीय कसवां खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसवंत सिंह कसवां ने क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रबुद्ध लोगों और संस्थाओं से संपर्क कर उन्हें इस महाकुंभ में भागीदारी का निमंत्रण दिया। इसी कड़ी में वे अपने साथियों सहित बार एसोसिएशन रानियां पहुंचे और धिवक्ताओं को कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।



सिरसा। रानियां में सर्व खाप महाकुंभ का निमंत्रण देते कसवां खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसवंत सिंह कसवां।

#### ये संस्थाएं आमंत्रित

जसवंत सिंह कसवां ने बताया कि सर्व खाप महापंचायत में उत्तर भारत की खाप पंचायतों के साथ सामाजिक संगठन, बार एसोसिएशन, किसान संगठन, व्यापारिक संगठन, मजदूर संगठन, महिला संगठन, कर्मचारी संगठन तथा समाजहित में कार्य करने वाली अन्य संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर में समाज के सामने तेजी से उभर रही चुनौतियों पर गंभीर मंथन होगा। आपसी भाईचारे को मजबूत करने, बढ़ते नशे, सामाजिक मूल्यों में आ रही गिरावट, सोशल मीडिया पर बढ़ती फूहड़ता और अन्य सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। कसवां ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में सभी वर्गों को मिलकर सकारात्मक दिशा तय करने की आवश्यकता है।

### सीडीएलयू में शीघ्र शुरू होगी एमएससी केमिस्ट्री के लिए आवेदन प्रक्रिया

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय का रसायन विज्ञान विभाग गुणवत्तापूर्ण वैज्ञानिक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ समाज और उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शीघ्र ही एमएससी केमिस्ट्री के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। विभागाध्यक्ष प्रो. गीता रानी ने बताया कि विभाग का विजन रसायन विज्ञान के क्षेत्र में आधारभूत वैज्ञानिक ज्ञान, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देना है ताकि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास में सार्थक योगदान दिया जा सके। विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, उद्योगों मुखी कौशल प्रदान करना तथा बहु विषयक अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि विभाग ने अब तक 500 से अधिक शोध-पत्र प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित किए हैं।

## गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को जांचा

- सीएचसी ओढ़ा में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओढ़ा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक सफल और उपयोगी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ऐसे शिविर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई और स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक सामग्री दी गई। डॉ. सुमित जैन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया गया, जिससे क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और परामर्श प्राप्त हुआ। मातृत्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया गया। इस शिविर में गर्भवती महिला का कम से कम एक बार गर्भावस्था के दूसरी या तीसरी तिमाही में विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की जाती है। जोखिम वाली गर्भधारण की पहचान करना और उनका समय रहते उचित उपचार करना, मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने में योगदान देना है। इस मौके पर सभी गर्भवतियों का ओरल चेकअप भी किया गया।



सिरसा। सीएचसी ओढ़ा में आयोजित शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### बधाई देने वालों का तांता लगा

## शूटिंग चैंपियनशिप में निशु बैनीवाल ने जीता कांस्य पदक

- गांव कुम्हारिया में गर्व और उत्साह का माहौल

**चोपटा।** गांव कुम्हारिया की बेटी निशु बैनीवाल ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वीं हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में ब्रॉंज मेडल जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। निशु की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 11वीं हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जोरा शूटिंग स्पोर्ट्स एकेडमी नाथूसरी चौपटा की शूटर निशु बैनीवाल ने 50 मीटर फ्री पिस्टल जूनियर वूमेन वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उनकी इस सफलता से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव कुम्हारिया में गर्व और उत्साह का माहौल है। निशु की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता को लगातार बधाई देने के लिए रिश्तेदारों, ग्रामीणों और खेल प्रेमियों का आना-जाना लगा हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि निशु ने साबित कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां भी मेहनत और लगन के दम पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकती हैं।



निशु बैनीवाल।

## मिठड़ी में 30 घरों को पानी व्यर्थ बहाने पर कनेक्शन काटने की चेतावनी

- पेयजल का उपयोग सब्जी उगाने या अन्य कार्यों में किया जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

जल संरक्षण अभियान के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने गांव मिठडी खंड ओढ़ा में पानी व्यर्थ बहाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। विभाग की टीम ने घर-घर जाकर निरीक्षण किया और पानी की बर्बादी करने वाले 30 घरों को चेतावनी दी। इन घरों में पेयजल का दुरुपयोग कर सब्जी उगाने या अन्य कार्यों में किया जा रहा था। विभाग ने सभी को सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में पानी का सही इस्तेमाल नहीं किया गया तो उनके पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे। इस दौरान टीम ने ग्रामीणों से पानी बचाने की अपील भी की। इस अवसर पर खंड समन्वयक प्रदीप कुमार बैनीवाल ने गांववासियों से कहा कि पीने के पानी की बर्बादी रोकना समय की सबसे बड़ी मांग है। वाटर प्यूरीफायर (आर ओ) से निकलने वाले वेस्ट पानी को बाल्टी में इकट्ठा करें और और उसका उपयोग पोछा लगाने या बर्तन धोने में करें। ब्रश करते, शेविंग करते या बर्तन धोते समय नल को खुला न छोड़े। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर मौजूद पानी का 3 प्रतिशत ही पीने योग्य है, इसलिए हर एक बूंद क़ीमती है। इस अवसर पर विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



सिरसा। गांव मिठड़ी में लोगों को पानी की बर्बादी रोकने बारे समझाते प्रदीप बैनीवाल।

## महिला पॉलिटेक्निक सिरसा में दाखिला प्रक्रिया जारी

- रोजगारोन्मुखी कोर्स में 60 सीटों पर दाखिले होंगे

**सिरसा।** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वुमैन सिरसा में इस सत्र से टेक्नीशियन एक्स-रे टेक्नोलॉजी नामक नया डिप्लोमा कोर्स शुरू किया गया है। प्रदेश के केवल तीन पॉलिटेक्निक संस्थानों में शुरू किए गए इस रोजगारोन्मुखी कोर्स में 60 सीटों पर दाखिले होंगे। वहीं हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा सोसायटी (एचएसटीईएस) की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया भी जारी है, जिसके तहत छात्राएं 10 जून तक नलाइन आवेदन कर सकती हैं। नए कोर्स के शुरू होने के साथ ही गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक फॉर वुमैन, सिरसा में संचालित डिप्लोमा कोर्सों की संख्या बढक़र छह हो गई है। संस्थान में पहले से आर्किटेक्चर असिस्टेंटशिप, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी तथा ऑफिस मैनेजमेंट एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन कोर्स संचालित हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों में भी 60-60 सीटें निर्धारित हैं। एचएसटीईएस द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया 21 अप्रैल से शुरू हो चुकी है और यह 10 जून 2026 तक चलेगी। वहीं लेटरल एंट्री के लिए आवेदन प्रक्रिया 22 अप्रैल से शुरू होकर 6 जून को समाप्त हो चुकी है।

## भारत विकास परिषद ने दिव्यांग महिला को भेंट की ट्राइसाइकिल



**फतेहाबाद।** भारत विकास परिषद शाखा रतिया द्वारा एक 100 प्रतिशत दिव्यांग महिला 65 वर्षीय समरजहां पत्नी गुलजार खान को ट्राइसाइकिल भेंट की है। शाखा अध्यक्ष राज सिंगला ने कहा कि भारत विकास परिषद सदैव समाज के जरूरतमंद एवं दिव्यांगजनों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। परिषद का उद्देश्य सेवा, संस्कार एवं समर्पण की भावना को समाज में बढ़ावा देना है। इस अवसर पर डॉ. नरेश गोयल, जनक राज गोयल, विनोद जैन, धर्मवीर ललित, विनोद गर्ग, अवतार ढींगरा, राजेश कुमार काला सहित शहर के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। ट्राइसाइकिल प्राप्त कर समरजहां एवं उनके परिवार ने भारत विकास परिषद शाखा रतिया का आभार व्यक्त किया। उपस्थित सदस्यों ने दिव्यांगजनों की सहायता के ऐसे सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

### जागरूकता | खेल स्टेडियमों में पहुंचकर खिलाड़ियों को किया जागरूक

# नशा छोड़ो, खेलों से नाता जोड़ो: एसपी सहारण

- एसपी ने युवाओं के साथ क्रिकेट खेलते हुए किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर की ग्लोबल स्ट्राइकर क्रिकेट अकादमी में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने युवाओं के साथ क्रिकेट खेलते हुए सीधे संवाद के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में उन्हें जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी व्यक्ति के जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है, जबकि खेल व्यक्ति को सम्मान, नई पहचान और उज्जवल भविष्य प्रदान करता है। एसपी दीपक सहारण ने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा को खेलों, शिक्षा और रचनात्मक कार्यों में लगाएं तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई से हमेशा दूर रहें।



सिरसा। एसपी का स्वागत करते अकादमी संचालक।

#### नशे की लत ले जाती है गलत राह पर

उन्होंने युवाओं को समझाया कि नशा सिर्फ शरीर को ही नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि मानसिक संतुलन, पारिवारिक रिश्तों और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी प्रभावित करता है। नशे की लत युवाओं के सपनों को तोड़ देती है और उन्हें गलत राह पर ले जाती है। इसके विपरीत खेल अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं, जो जीवन में सफलता के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई युवा नशे की गिरफ्त में है तो पुलिस एवं जिला प्रशासन के सहयोग से उसे उपचार, काउंसलिंग और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए खेल और शिक्षा को अपना मजबूत आधार बनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आपके आस-पास नशा बेचता है या नशे के कारोबार में शामिल है, तो उसकी जानकारी पुलिस को दें। पुलिस इस मामले में समय रहते कड़ी कार्रवाई करेगी और सूचना देने वाले का नाम पूर्ण रूप से गुप्त रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को पर्यावरण के प्रति करें जागरूक : बजाज

**सिरसा।** शहर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से समाजसेवी नरेश बजाज पिछले कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण अभियान चला रहे हैं। इस अभियान के तहत वे हर वर्ष हजारों पौधे लगाकर उनके संरक्षण का कार्य भी कर रहे हैं। पौधारोपण के साथ-साथ नरेश बजाज स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर रहे हैं तथा उन्हें अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे बच्चों को पौधों के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाने का संदेश दे रहे हैं। नरेश बजाज का मानना है कि यदि बचपन से ही बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित की जाए तो भविष्य में समाज प्रकृति संरक्षण के प्रति अधिक जिम्मेदार बनेगा।

### नशा विरोधी टीम ने नशीली गोलियां पकड़ी

**चोपटा।** कागदाना गांव में एक और नशा सप्लायर करने वाले युवक को रंगेहाथ पकड़ लिया गया। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। संघर्ष समिति कागदाना की टीम का कहना है कि उनको युवक के बारे में गोलियां बेचने की सूचना मिली थी। तभी किसी जानकार को पहले नशीली दवा खरीदने को भेजा। शक विश्वास में बदलने पर उसके घर पहुंचे तो छत से ये दवाएं मिली। जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। टीम के अनुसार, गांव के युवा और बुजुर्गों ने मिलकर ये समिति बनाई है, ताकि गांव में नशा को रोका जा सके और युवाओं की जिंदगी को बचाया जा सके।

### भवन निर्माण को लेकर चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन

**कालांवाली।** भाजपा कालांवाली मंडल महामंत्री महेश कुमार आजाद ने क्षेत्र के श्रमिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को उठाते हुए हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन को कालांवाली में मजदूर भवन निर्माण करवाने संबंधी मांग पत्र सौंपा। महेश कुमार आजाद ने कहा कि कालांवाली क्षेत्र में बड़ी संख्या में पंजीकृत श्रमिक एवं निर्माण कार्यों से जुड़े मजदूर निवास करते हैं, लेकिन उनके लिए किसी स्थायी मजदूर भवन की व्यवस्था नहीं है। मजदूर भवन के अभाव में श्रमिकों को बोर्ड की विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जागरूकता शिविरों तथा अन्य कल्याणकारी गतिविधियों का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में छाए विद्यार्थी

**सिरसा।** राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां की टीम ने विशेष उपलब्धि हासिल करते हुए जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय की 9 छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिनमें सिंगिंग प्रतियोगिता में सुखप्रीत कौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, भाषण प्रतियोगिता में स्नेह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कविता पाठ प्रतियोगिता में जसप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व जिले का गौरव बढ़ाया। इस 7 दिवसीय शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हुए अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व कौशल का विकास किया।

### महिला आयोग चेयरपर्सन की टिप्पणी से भड़का गुस्सा

# नर्सिंग स्टाफ की दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल, माफी के साथ मांगा इस्तीफा

**मरीजों की गंभीरता को देखते हुए इमरजेंसी सेवाओं को इस हड़ताल से मुक्त रखा गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया द्वारा कुरुक्षेत्र में दिए गए एक कथित बयान के विरोध में मंगलवार को फतेहाबाद के नर्सिंग स्टाफ ने मोर्चा खोल दिया। नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर्स सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दो घंटे की हड़ताल पर रहे। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ ने ओपीडी और अन्य रूटीन सेवाओं को पूरी तरह ठप रखकर अस्पताल परिसर में धरना दिया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि मरीजों की गंभीरता को देखते हुए इमरजेंसी सेवाओं को इस हड़ताल से मुक्त रखा गया। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ ने चेयरपर्सन रेणु भाटिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनसे माफी मांगने के साथ पद से इस्तीफा देने की भी मांग उठाई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, पिछले दिनों कुरुक्षेत्र में निरीक्षण के दौरान महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने नर्सिंग स्टाफ पर सवाल उठाए थे और कुछ तीखी टिप्पणियां की थीं। नर्सिंग ऑफिसर्स का आरोप है कि बिना किसी निष्पक्ष जांच के पूरे नर्सिंग कैडर पर मिलीभगत के आरोप मढ़ दिए गए, जो पूरी तरह अनुचित है। इसी गरिमा को ठेस पहुंचने वाले व्यवहार के विरोध में सोमवार को सिविल सर्जन को एक मांग पत्र भी सौंपा गया था।

अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे नर्सिंग समुदाय ने दोटूक शब्दों में कहा कि वे इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। एसोसिएशन का कहना है कि चेयरपर्सन के इस व्यवहार से प्रदेश के पूरे नर्सिंग समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है, इसलिए उन्हें अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। नर्सिंग स्टाफ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी इस मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो यह दो घंटे का सांकेतिक धरना जल्द ही राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल सकता है। न इस टिप्पणी से कोरोना काल से लेकर आज तक दिन-रात सेवा करने वाले हमारे नर्सिंग कैडर का मनोबल टूटा है। जब तक चेयरपर्सन माफी नहीं मांगतीं, हमारा विरोध जारी रहेगा। सुबह के समय दो घंटे तक नर्सिंग स्टाफ के न मिलने से ओपीडी में आए मरीजों और उनके तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल में धरना देते नर्सिंग स्टाफ के सदस्य।




**सिरसा।** नागरिक अस्पताल में हड़ताल पर बैठे नर्सिंग कर्मचारी।

### नर्सिंग कर्मचारियों ने जताया रोष

**सिरसा।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा सिविल अस्पताल कुरूक्षेत्र में नर्सिंग आफिसर के साथ अभद्र टिप्पणी व गलत व्यवहार करने के विरोध में जिले के नागरिक अस्पताल में मंगलवार को कर्मचारियों ने दो घंटे पैन डाउन हड़ताल कर रोष जाहिर किया। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सिविल सर्जन को सौंपा है। नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि डॉक्टर रेप केस इन्क्वायरी के दौरान सिविल अस्पताल कुरुक्षेत्र में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया पहुंची और उन्होंने वहां कार्यरत नर्सिंग आफिसर के साथ अभद्र व्यवहार व गलत टिप्पणी की। बेटियों के बारे में गलत टिप्पणी बोली और स्टाफ के ऊपर गलत आरोप लगाया कि हम नर्सिंग आफिसर ने इस जघन्य अपराध में डॉक्टर का साथ दिया। जबकि हमारी ड्यूटी इंडोर में होती है, ओपीडी में फिमेल हेल्पर होता है, डॉक्टर को फीमेल हेल्पर को खुद बुलाना पड़ता है, जब किसी फीमेल पेशेंट का चैकअप करते हैं तो डाक्टरों के प्रोटोकॉल में होता है। उन्होंने कहा कि हम डॉक्टरों के पहरेदार नहीं है और उस डॉक्टर के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिस अथॉरिटी ने इस डॉक्टर को दोबारा ज्वाइन करवाया है वो दोषी है। कर्मचारियों ने रेणु भाटिया की इस टिप्पणी व गलत व्यवहार की कड़ी निंदा की है।

### एकजुटता और विकास का मॉडल बना जांडली कलां

# मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार में प्रदेश में प्रथम



**भूना।** ग्राम पंचायत जांडली कला की सरपंच शीला भैरों को मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार का चेक देते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

- **सीएम नायब सैनी ने सरपंच शीला भैरों को सौंपा 51 लाख का पुरस्कार, फतेहाबाद जिले की तीन पंचायतों ने बढ़ाया गौरव**

दलबीर सिंह ▶▶| भूना

फतेहाबाद जिले का जांडलीकलां गांव विकास, स्वच्छता और सामाजिक एकता के दम पर पूरे हरियाणा में नई पहचान बनाने में सफल रहा है। मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना के तहत जांडलीकलां ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। मंगलवार को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव की सरपंच शीला भैरों को 51 लाख रुपये की पुरस्कार राशि का चेक देकर सम्मानित किया। करीब 10 हजार से अधिक आबादी वाला जांडलीकलां आज ग्रामीण विकास का एक आदर्श मॉडल बनकर उभरा है। गांव में पक्की गलियां और नालियां, गंदे पानी की निकासी के लिए विशेष तालाब, पशुओं के लिए अलग जलाशय तथा बेहतर सड़क नेटवर्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। सुरक्षा और आधुनिक सुविधाओं के क्षेत्र में भी गांव ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। पूरे गांव में सीसीटीवी कैमरे, फिरनी लाइटें, विकसित पार्क, कम्युनिटी सेंटर, जलघर, बूस्टिंग स्टेशन तथा लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थापित किए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए पंचायत द्वारा हजारों पौधे लगाकर हरित वातावरण तैयार किया गया है।

**पंचायत सम्मानित**

मुख्यमंत्री जागृत ग्राम पुरस्कार योजना के तहत गांव का मूल्यांकन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कृषि, डिजिटल पहुंच, टिकाऊ आधारभूत संरचना, सुशासन और नशा मुक्ति सहित नौ प्रमुख मानकों पर किया गया। जांडलीकलां ने सभी श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 100 में से पूरे 100 अंक प्राप्त किए। जांच टीम ने शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कृषि, डिजिटल पहुंच, टिकाऊ बुनियादी ढांचा और नशा मुक्ति जैसे 9 मानकों पर गांव को परखा।

# सनशाइन स्कूल के अंडर-16 समर कप में दिखा युवा क्रिकेटरों का दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

सन शाइन क्रिकेट अकादमी भूना की ओर से सन शाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में आयोजित अंडर-16 समर कप क्रिकेट टूर्नामेंट में युवा खिलाड़ियों का शानदार खेल देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल संचालक प्रेम सिंह नैन और एवरेस्ट स्पोर्ट्स क्लब के संचालक अरुण खोड़ ने किया। टूर्नामेंट में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों की कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। कोच हरप्रीत कंबोज ने बताया कि प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जा रही है। पहले चरण में चार टीमों के बीच मुकाबले खेले गए, जबकि दूसरे चरण में शेष चार टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता में हिसार, फतेहाबाद, झज्जर और सन शाइन क्रिकेट अकादमी भुना की टीमों के अलावा दिल्ली, आगरा और लखनऊ की टीमें भी शामिल हैं। पहले चरण के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। भूना और झज्जर के बीच खेले गए मुकाबले में झज्जर के बल्लेबाज अक्षत वर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 88 रन की शानदार पारी खेली। वहीं गेंदबाज वंश ने चार विकेट झटककर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।



**भूना।** क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते अकादमी संचालक।

### यूके भेजने का झांसा देकर 15 लाख की ठगी

**फतेहाबाद।** विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद पुलिस ने सिरसा की चतरगढ़पट्टी स्थित चोपटा रोड निवासी सुरेश कुमार को काबू किया है। इकोनॉमिक सेल फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि फतेहाबाद जिले के गांव कुनाल निवासी गुरमेल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने अपने पुत्र साहिल को यूके भेजने के लिए सुरेश कुमार से संपर्क किया था। आरोपी ने साहिल को पहले दुबई भेजकर वहां से यूके पहुंचाने का भरोसा दिया और विदेश भेजने की पूरी जिम्मेदारी लेने का आश्वासन दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने विभिन्न बैंक खातों एवं ऑनलाइन माध्यमों से अलग-अलग किस्तों में करीब 15 लाख रुपये प्राप्त किए। इसके बाद साहिल को दुबई भेज दिया गया, जहां उसे लंबे समय तक रखा गया। आरोप है कि बाद में आरोपी ने उसे यूके भेजने के बजाय वापस भारत भेज दिया तथा उसका वीजा भी रद्द करवा दिया।

# स्वर्णकार समाज ने लगाई मीठे पानी की छबील

- **राहगीरों को पिलाया रूह अफ्जा व दूध मिश्रित शीतल पेय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भीषण गर्मी के बीच स्वर्णकार समाज की ओर से मंगलवार को सामाजिक सेवा का परिचय देते हुए स्वर्णकार धर्मशाला के बाहर मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के लोगों को रूह अफ्जा और दूध मिश्रित शीतल मीठा पानी वितरित किया गया। गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने छबील पर पहुंचकर शीतल पेय का स्वाद लिया और समाज की इस पहल की सराहना की। सेवा कार्य में स्वर्णकार समाज के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक पानी पिलाया। सभा के प्रधान कृष्ण सोनी ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को ठंडा पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है। समाज द्वारा समय-समय पर ऐसे जनसेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और भविष्य में भी यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाया।



**फतेहाबाद।** लोगों को मीठा जल वितरित करती स्वर्णकार समाज की महिलाएं।



**सिरसा।** घटते लिंगानुपात को लेकर स्वास्थ्य विभाग की मीटिंग में भाग लेते कर्मचारी।

### गिरते लिंगानुपात को सुधारने के लिए मिलकर करने होंगे प्रयास: डॉ. गीतिका

**सिरसा।** घटते लिंगानुपात को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव कंवरपुरा में मीटिंग की गई, जिसमें सीएचओ डॉ. गीतिका, सभी स्वास्थ्यकर्मी, आंगनवाड़ी वर्कर, मेडिकल ऑनर, आरएमपी डॉक्टर्स और सोशल वर्कर ने भाग लिया। सभी सदस्यों ने लिंगानुपात में सुधार के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। सीएचओ डॉ. गीतिका ने कहा कि लगातार गिरता लिंगानुपात गंभीर चिंता का विषय है। स्थिति को सुधारने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा व पोषण का ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि अगर बेटी नहीं होगी तो बहू कहां से लाओगे। सीएचओ ने कहा कि पीएनडीटी एक्ट के तहत गर्भ में लिंग जांच एक दंडनीय अपराध है। इसमें सजा व जुमार्ना दोनों का प्रावधान है। इस मौके पर एचपीवी वैक्सीन लगवाने, नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया।

# आज के युग में विज्ञान और तकनीक के बल पर मानव ने अभूतपूर्व प्रगति की : बीके प्रीति

- **आज का युग सूचना-प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

ब्रह्माकुमारीज सद्भावना भवन की ओर से विश्व शांति के निमित राजयोग की कड़ी में मंगलवार को जनता भवन रोड स्थित श्री अग्रवाल पार्क में ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की मुरली क्लास लगाई गई। ब्रह्माकुमारीज प्रीति ने बताया कि नकारात्मकता को हराने के लिए समय-समय पर अच्छे विचारों व वचनों की जरूरत होती है और इनकी ही कृपा से सकारात्मकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में विज्ञान और तकनीक के बल पर मानवता ने अभूतपूर्व प्रगति की है। आज का युग सूचना-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल परिवर्तन और अंतरिक्ष अनुसंधान का युग है। इन क्रांतिकारी परिवर्तनों ने मानव जीवन को अधिक सुविधाजनक, सुगम और संसाधन-समृद्ध बनाया है। आज का मानव पहले की अपेक्षा अधिक शिक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम है तथा उसके पास आगे बढ़ने के अनेक अवसर हैं, लेकिन समाज में तकनीकी उन्नति के साथ-साथ तनाव, मानसिक असुरक्षा, अविश्वास और एकाकीपन भी है।



**सिरसा।** बीके प्रीती को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# लघु सचिवालय में नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

- **ऑनलाइन आवेदन, शिकायत पंजीकरण व आवेदन टाइपिंग की मिलेगी नि:शुल्क सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आम नागरिकों को सरकारी सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपमंडल लघु सचिवालय टोहाना में प्रशासन द्वारा हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से नागरिक विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे तथा किसी भी विभाग से संबंधित शिकायत दर्ज करवाने हेतु आवेदन टाइप करवाकर जमा करा सकेंगे। इस सुविधा के लिए नागरिकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज करवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शिकायत की रसीद उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों की नियमित रूप से ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग भी की जाएगी, ताकि उनका समयबद्ध निपटान सुनिश्चित हो सके। एसडीएम ने कहा कि लघु सचिवालय परिसर में कार्यरत कोई भी टाइपिस्ट सेवाओं के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूल सकता।

### जल प्रबंधन में सरकार की विफलता पर उठे सवाल

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने जल प्रबंधन की तैयारियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जबकि कई स्थानों पर पानी की आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित है। ऐसे समय में सरकार की लापरवाही और अधूरी तैयारियां आने वाले वर्षा ऋतु में जनता और किसानों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार की ओर से हर वर्ष यह दावा किया जाता है कि 30 जून तक सभी बाढ़ सुरक्षा एवं जल प्रबंधन संबंधी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे, लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। घग्घर नदी के तटबंधों को मजबूत करने, हिसार ड्रेन को घग्घर नदी से जोडने तथा वर्षा जल के वैज्ञानिक प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं। सांसद ने कहा कि हिसार ड्रेन को घग्गर नदी से जोडने की परियोजना तीन वर्ष से अधिक समय से अधर में लटकी हुई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### टोहाना में लघु सचिवालय की ग्रीन बेल्ट पर चला प्रशासन का पीला पंजा

# पिछले आठ साल से अवैध रूप से बनाए गए चैंबरों को तोड़ा

**एसडीएम आकाश शर्मा की अगुवाई में चली इस अतिक्रमण हटाओ मुहिम से मचा हड़कंप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना के लघु सचिवालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रशासन ने मंगलवार सुबह एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सचिवालय की ग्रीन बेल्ट में पिछले करीब आठ साल से अवैध रूप से बनाए गए चैंबरों पर प्रशासन का बुलडोजर चला। एसडीएम आकाश शर्मा की अगुवाई में चली इस अतिक्रमण हटाओ मुहिम से हड़कंप मच गया। नगर परिषद और बिजली निगम की संयुक्त टीम ने सुबह 6 बजे ही मौके पर पहुंचकर सभी अवैध निर्माणों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। प्रशासन के मुताबिक, इस कार्रवाई से पहले संबंधित लोगों को सात दिन पहले और फिर 24 घंटे पहले दो बार कॉमन नोटिस जारी कर सचेत किया गया था। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई सुबह-सुबह इसलिए की गई ताकि किसी भी तरह के विरोध या कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटा जा सके। मौके पर मौजूद एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि नोटिस मिलने के बाद अधिकांश लोगों ने अपना सामान स्वेच्छा से पहले ही हटा लिया था। जो थोड़ा-बहुत सामान बचा था, उसे प्रशासन ने सुरक्षित हटवाया। इस कार्रवाई में किसी भी व्यक्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि जमीन को पूरी तरह खाली करा लिया गया है। हमारा उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है।



**फतेहाबाद।** टोहाना में चलता पीला पंजा। *फोटो : हरिभूमि*

### हटाया कब्जा, अब लगाए जाएंगे पौधे

मिली जानकारी के अनुसार, लघु सचिवालय की इस ग्रीन बेल्ट पर करीब 8 साल पहले चैंबर बनने शुरू हुए थे, जिनकी संख्या धीरे-धीरे बढ़कर 10 हो गई थी। यहां लोग समूहों में बैठकर काम करते थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चूंकि यह जमीन ग्रीन बेल्ट के लिए आरक्षित है, इसलिए अब इस पूरी जगह को साफ कर यहां बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। अतिक्रमण की चपेट में आए लोगों के रोजगार को लेकर उठ रहे सवालों पर एसडीएम आकाश शर्मा ने स्थिति साफ की। उन्होंने पीड़ित दुकानदारों और कामगारों को आश्वस्त करते हुए कहा, कार्रवाई से पहले ही सभी संबंधित लोगों के साथ बैठक की जा चुकी है। किसी का भी रोजगार पूरी तरह खत्म नहीं किया जाएगा। सचिवालय के सामने खाली पड़ी जगह पर एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत इन सभी प्रभावित व्यक्तियों को दोबारा जगह आवंटित की जाएगी। प्रशासन का मकसद किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि ग्रीन बेल्ट को अतिक्रमण मुक्त कराकर पर्यावरण का संरक्षण करना है।